an>

Title: Regarding Appointment of Administrative Officer AIIMS, Bhopal

श्री उदय प्रताप सिंह (होशंगाबाद): सभापति जी, मैं आपके माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में स्वास्थ्य मंत्री श्री मनसुख मांडविया जी द्वारा अनेक बेहतर निर्णय स्वास्थ्य मंत्रालय में लिए गए हैं और पूरे देश में जो एम्स संचालित हैं, उनके माध्यम से गरीबों के उपचार के लिए और स्थानीय स्तर पर बेहतर उपचार के लिए मंत्रालय अच्छा काम कर रहा है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से भोपाल एम्स के कुछ विषय सरकार के ध्यान में लाना चाहता हूं । मैं भोपाल एम्स की गवर्निंग बॉडी का सदस्य भी हूं और वहां लगातार पिछले कुछ दिनों से संचालित करने वाले जो हमारे डाक्टर्स थे, उनके द्वारा कुछ इस तरह की गतिविधियां रहीं जिनसे कि मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ा । चाहे वे एचआईवी ब्लड क्लेक्शन और उसे दूसरे व्यक्ति पर चढ़ाने का मामला हो, किसी ब्लड ग्रुप वाले व्यक्ति को दूसरा ब्लड ग्रुप का खून दे दिया गया हो, इस तरह की अनियमितताएं लगातार सामने आ रही हैं । कर्मचारियों के खिलाफ वहां जो कमेटीज बनी हैं, उनके निर्णय भी कर्मचारियों और डाक्टर्स के खिलाफ आए हैं ।

आज मैंने माननीय मंत्री जी से चर्चा की है और मंत्री जी ने आश्वस्त किया है कि इस तरह की अनियमितताओं का संज्ञान लेंगे और उन पर कार्रवाई भी करेंगे । मैं अपनी बात को संक्षिप्त करते हुए आपके माध्यम से आग्रह करना चाहता हूं कि एम्स में बेहतर व्यवस्था चले, यह माननीय प्रधान मंत्री जी का बहुत हाईएस्ट लेवल का लक्ष्य है । इसका पालन किया जाए और साथ ही एम्स का काम करने का जो सिस्टम है, उसमें डाक्टर्स ही डायरेक्टर होते हैं और डाक्टर्स को ही उसका प्रेजीडेंट बनाया जाता है ।

मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि एडमिनिस्ट्रेशन एक अलग विषय है । एडमिनिस्ट्रेशन एक आदमी की क्षमता पर निर्भर करता है । यह आवश्यक नहीं है कि एक डाक्टर अच्छा एडमिनिस्ट्रेटर भी साबित हो, इसलिए एम्स के एडमिनिस्ट्रेशन सिस्टम का प्रशासनिक अधिकारी भारत सरकार और स्वास्थ्य मंत्रालय आगामी समय में नियुक्त करेगा, यह व्यवस्था लागू करेगा ।

HON. CHAIRPERSON: Shri Tapir Gao – not present.